पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री टी. आर. बालू):

(क) और (ख) वर्ष 1994-95 से 1996-97 तक के वर्षों के दौरान के डिब्रा बन्द घेरेलु एल पी जी का भंडारण स्थल पर मूल्य 5309.19 रुपए प्रति एम टी से बढ़ाकर 6901.95 प्रति एम टी कर दिया गया और यह 3, जुलाई 1996 से प्रभावी था। मूल्य में वृद्धि देल फ्लू लेखे के घाटे को काबू करने के लिए की गई थी।

(ख) और (घ) सरकार ने प्रशासित मूल्य निर्धारण व्यवस्था को चरणों में समाप्त करने का निर्णय लिया है। एल पी जी (डिब्बा बंद घरेलु) के मूल्य में उपयुक्त समायोजन किया जायेगा ताकि वर्ष 2000-01 तक राजसहायता स्तर आयात समता मूल्य के 15 प्रतिशत पर पहुंच जाए।

रसोई गैस मूल्यों में और वृद्धि

1202. **श्री रामगोपाल यादव:**
श्री ईश दत्त यादव:

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने रसोई गैस मूल्यों में और वृद्धि करने का निर्णय लिया है,

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और क्या कोई ऐसी निर्धारित सीमा है जिसके आगे रसोई गैस मूल्यों में वृद्धि नहीं की जायेगी, और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री टी. आर. बालू):

(क) से (ग) एल पी जी (डिब्बा बंद घरेलु) के मूल्य में 2.9.97 से 15 रुपये प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई। 1997-98 के दौरान एल पी जी पर राजसहायता 68.53 रुपये प्रति सिलेंडर होने का अनुमान है। सरकार ने पेट्रोलियम क्षेत्र में चरणों में प्रशासित मूल्य निर्धारण व्यवस्था की समाप्त करने का निर्णय लिया है।सरकार ने यह निर्णय भी लिया है कि एल पी जी पर राजसहायता चरणों में कम की जाएगी। एल पी जी (डिब्बा बंद घरेलु) के मूल्य में उचित समायोजन किया जाएगा ताकि 2000-01 तक आयात समता मूल्य के 15 प्रतिशत पर राजसहायता स्तर तक पहुंचा जा सके।

Price of Diesel at Par with Import Price

1203. SHRI S.M. KRISHNA:
SHRI IQBAL SINGH:

Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) the existing policy of Government about diesel prices vis-a-vis international oil price;

(b) whether the Cabinet has asked his Ministry to work out the mechanism on bringing the price of diesel at par with import price;

(c) if so, what is the progress of the review, if any, undertaken including the response of the Ministry of Finance thereto; and

(d) what is the status of oil Pool account as on date and how far it reacted following recent hike in petroleum products' prices?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI T.R. BAALU): (a) to (c) The Government on 1.9.97 have decided that pricing of HSD would be on import parity basis. The price of HSD has accordingly been revised effective 7.11.97.

(d) The cumulative outstanding of the oil companies from the oil pool account was estimated to be around Rs. 18,200 crore as on 30.6.97. The Government have decided that the liabilities of OCC to the oil companies outstanding as on 30.6.97 shall be cleared by the Government by making payments to the oil companies which in turn, will simultaneously invest the money so received from the Government in Special Government Bonds.